# प्रेस विज्ञप्ति

# इरेडा ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ प्रदर्शन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ₹8,200 करोड़ का राजस्व लक्ष्य




नई दिल्ली, 25 अगस्त, 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था sलिमिटेड (इरेडा) द्वारा आज भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के साथ प्रदर्शन-आधारित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर किया गया , जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रणनीतिक लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

एमएनआरई के सचिव, श्री संतोष कुमार सारंगी और इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास के द्वारा नई दिल्ली स्थित अटल अक्षय ऊर्जा भवन में एमएनआरई और इरेडा के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौता ज्ञापन के तहत, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए परिचालन से राजस्व का लक्ष्य ₹8,200 करोड़ निर्धारित किया है। इरेडा ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में परिचालन से राजस्व लक्ष्य को पार करते हुए ₹5,957 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले ₹6,743.32 करोड़ प्राप्त किए। इस समझौता ज्ञापन में अन्य लक्ष्यों के साथ-साथ नेटवर्थ पर रिटर्न , नियोजित पूंजी से रिटर्न , कुल ऋणों पर एनपीए, परिसंपत्ति कारोबार अनुपात और ईबीटीडीए जैसे प्रमुख प्रदर्शन मानदंड भी शामिल हैं।



कंपनी की विकास गति के बारे में विश्वास व्यक्त करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने की आशा के साथ, हम उत्कृष्टता के अपने ट्रैक रिकॉर्ड को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इरेडा ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से लगातार चार वर्षों तक समझौता ज्ञापन प्रदर्शन में 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त की है। लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी 84 सीपीएसई की सूची के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 के समझौता ज्ञापन रेटिंग के लिए, इरेडा एनबीएफसी और बिजली क्षेत्र में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरा है और विभिन्न क्षेत्रों के शीर्ष चार सीपीएसई में शामिल है। "

**********